कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार,
पटना

क० आ० सं० कल्याण/स.जा.स./2021-22/जा-257 दिनांक- 20.10.2021

कार्यालय आदेश

मुख्यालय के आदेशानुसार इस वर्ष दिनांक 26.10.21 से दिनांक 01.11.21 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाना है|

अतः सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि दिनांक 26.10.21 को पूर्वाहन 11.00 बजे प्रथम तल पर प्रतिज्ञा लेने हेतु उपस्थित होने का कष्ट करे|

20/X/'21

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी/ कल्याण

प्रतिलिपि

1. सचिव, महालेखाकार (ले० प०) कार्यालय
2. सभी स्कंध अधिकारी का सचिवालय
3. सभी वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी/ ले० प० अधिकारी
4. सभी अनुभाग
5. सुचना पट्ट

20/X/2021

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी /कल्याण

सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

मेरा यह विश्वास है कि भ्रष्टाचार हमारे देश के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की दिशा में बहुत बड़ी बाधा बन चुका है। मैं यह विश्वास व्यक्त करता हूँ कि सभी हिस्सेदारों यथा- सरकार, नागरिक और निजी क्षेत्र को भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु एक साथ काम करने की आवश्यकता है।

मैं यह महसूस करता हूँ कि प्रत्येक नागरिक को सदैव ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति सतर्क और संकल्पित होना चाहिए ताकि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को समर्थन मिल सके।

अतः, मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि:-

- जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी एवं वैधानिक नियमों का पालन करूँगा।
- न ही रिश्वत लूँगा न दूँगा।
- सभी कार्यों को ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करूँगा।
- जनहित में कार्य करूँगा।
- व्यक्तिगत व्यवहार में सत्यनिष्ठा के प्रदर्शन का उदाहरण दूँगा।
- भ्रष्टाचार के किसी घटना की सूचना उचित एजेंसी को दूंगा।